(3)

**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**FINAL EXAMINATION YEAR 2022- 2023**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS : VII**
**DATE : 16.02.2023** **MARKS : 80**
**TIMING : 2 HOURS**

सूचना :- भाग **'अ '** के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
भाग **'ब '** की दोनों पुस्तकों के उत्तर भी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
भाग **'स'** तथा **'द'** के उत्तर प्रश्नों के आगे दिए खाली स्थानों पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए ।

**प्रश्न १ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [10]**

i) एकता का महत्व
ii) समाचार पत्र का महत्व
iii) 26 जनवरी
iv) हमारा विद्यालय

**प्रश्न २ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । [7]**

i) हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने का शुभ समाचार देते हुए पिता जी को पत्र लिखिए ।
ii) अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए

**प्रश्न 3- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं- सड़क पर ठेला लगानेवाला, दूधवाला, नगर निगम के सफाई कर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन,**

परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किन्तु यदि अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता।

इस सन्दर्भ में गाँधीजी धीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए  किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा  से भी उनके मतभेद हो गए थे।

बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कृष्ट रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुन्दरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध चिपको आन्दोलन के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा - जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया।

इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी-किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

1-. एक माली तथा सफाई कमी का कार्य किसी सचिव के कार्य से बेहतर कैसे माना जा सकता है? [2]

2-. उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिसके कारण गाँधीजी का अपनी पत्नी से मतभेद हो गया था। [2]

3- बाबा आमटे और सुन्दरलाल बहुगुणा किन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जाने जाते हैं ? [2]

4-गाँधीजी की मृत्यु पर अमेरिका ने उनके सम्मान में क्या किया था और क्यों ? [2]

5- इस गद्यांश से मिलने वाली सीख लिखिए । [2]

भाग 'ब' (वट वृक्ष)

प्रश्न-4अ)- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए । [15]

1) लाला शिवप्रसाद ने आत्महत्या क्यों की?
2) लोगों का ध्यान सत्य की ओर क्यों नहीं जाता?
3) समाज के निर्माण के लिए हमें कैसे नौजवानों की आवश्यकता है?
4) गिरमिटिया और साधरण नौकरी में क्या अंतर था?
5) मन की चाहत क्या है? व्यक्ति चाह कर भी उसे क्यों रोक नहीं सकता?

(बाल रामायण)

प्रश्न-4 ब)- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [6]

1) रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से कितने वरदान मांगे और वरदान में क्या मांगा?
2)कैकेयी ने राम से राजा दशरथ की असहज स्थिति का क्या कारण बताया?

3) कैकयी कोपभवन में क्यों चली गई?

## भाग 'स'

सूचना- इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्नपत्र में ही लिखिए तथा उसे उत्तर पत्रिका के साथ जोड़ दीजिए ।

Name---------------- STD :5 A B Roll no-

---------- ------------------------------------ ----------------------------------

प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । [5]

1) नेटाल इन्डियन कांग्रेस में किस समाज के लोग सम्मिलित नहीं हो पाए थे?

उत्तर- ------------------------------------------------------------------------

2) 'मौन-मूक शहादत' का क्या अर्थ है?

उत्तर--------------------------------------------------------------------------

3) नव-निर्माण कौन कर सकता है?

उत्तर- ------------------------------------------------------------------------

4) गांधी जी का मकसद क्या था?

उत्तर- ------------------------------------------------------------------------

5) 'जीवन का यह पृष्ठ पलट मन ' कविता के कवि का नाम लिखिए ।

उत्तर- ------------------------------------------- -- - ------------------

**प्रश्न 6- शब्दार्थ लिखिए ।** **[3]**

1) तम = ----------------------- 4) व्यर्थ = ---------------------

2) समक्ष = -------------------- 5) उत्सर्ग = -----------------------

3) आतुर = ----------------------- 6) प्रलोभन = ---------------------

**प्रश्न 7- सही कथन के आगे सही ( ) और गलत के आगे ( ) का निशान लगाइए।** **(2)**

1) कंगूरा बनने की कामना लुप्त हो रही है । --------------

2) सत्य सदा कठोर होता है । -----------------

3) ककड़ी बेचने वाला हँस रहा था । ------------------

4) स्व. सेठ अबूबकर आमद नेटाल पहुँचने वाले पहले व्यक्ति थे।-----

**प्रश्न 8- निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहें लिखिए ।** **[2]**

**1) "क्या दो ही मिली?"**

उत्तर- -------------------------- ने -------- से कहा

**2) " तुमने बाजार में मेरी प्रतिष्ठा बचा ली ।"**

उत्तर- ------------------ ने ----------------- से कहा

**प्रश्न 9- कविता की पँक्तियाँ पूर्ण कीजिए ।** **[4]**

इसपर लिखा ---------------------

-------------------------------

----------------------------------

---------------------------- -----------------पृष्ठ पलट, मन।

**भाग- 'द'**

**प्रश्न 10- निर्देश (instruction) के अनुसार उत्तर लिखिए ।**

1) **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** **[2]**

i) नदी = ------------------ ------------

ii) हिरण = --------------- ----------------------

2) **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।** **[2]**

1) सज्जन × ----------------- , 2) रक्षक × ---------------

3) हिंसा × --------------------- , 4) विरोध× ---------------

3) **निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए ।** **[3]**

i) शंका - ------------------ ii) वर्ष - ---------

iii) रस - ------------------- iv) दिन ----------------

10A

v)जीव- ------------------ vi) चमक- ----------------

4) **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।** [3]

i) देश में भ्रमण करना - ----------------

ii) गोद लिया हुआ पुत्र या पुत्री - --------------------

iii) पूर्वजों से संबंधित- --------------------

5) **निम्नलिखित वाक्य के रचना के आधार पर भेद लिखिए ।** [2]

a. छुट्टी होने पर हम खेलने चलेंगे ।-

उत्तर------

b. जैसे ही मैंने बटन दबाया वैसे ही पंखा चलने लगा ।-

उत्तर-------

6) **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए ।** [4]

a. कोल्हू का बैल -

b. गले का हार .....

c. कान भरना -

d. एक आँख से देखना-